प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

03 मई 2021

श्री टी. रबी शंकर आरबीआई के उप गवर्नर नियुक्त किए गए

03 मई 2021 की भारत सरकार की अधिसूचना के अनुपालन में, श्री टी. रबी शंकर ने आज तीन साल की अवधि तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, भारतीय रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नर के रूप में पदभार ग्रहण किया।

श्री टी. रबी शंकर उप-गवर्नर के पद पर पदोन्नत होने से पहले रिज़र्व बैंक के कार्यपालक निदेशक थे।

श्री टी. रबी शंकर, व्यवसायी केंद्रीय बैंकर 1990 में भारतीय रिजर्व बैंक में शामिल हुए और भारतीय रिजर्व बैंक में विभिन्न पदों पर काम किया है। कार्यपालक निदेशक के रूप में, वे रिज़र्व बैंक में भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, फिनटेक और जोखिम निगरानी विभाग का कार्यभार संभाल रहे थे। उनके विशेषज्ञता प्राप्त क्षेत्रों में विनिमय दर प्रबंधन, आरक्षित पोर्टफोलियो प्रबंधन, लोक ऋण प्रबंधन, मौद्रिक परिचालन और विकास, वित्तीय बाजारों का विनियमन और निगरानी, भुगतान प्रणाली और आईटी अवसंरचना शामिल हैं।

श्री टी. रबी शंकर ने सरकारी बॉन्ड बाजारों और ऋण प्रबंधन को विकसित करने पर आईएमएफ परामर्शदाता (2005-11) के रूप में कार्य किया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंचों जैसे बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स और विभिन्न आंतरिक और बाह्य विशेषज्ञ समितियों और कार्य समूहों पर रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व किया। रिज़र्व बैंक में अपने पेशेवर करियर के अलावा, वे भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेवाएं (आईएफटीएएस) के अध्यक्ष, ReBIT के निदेशक मंडल के सदस्य, और आईडीआरबीटी गवर्निंग काउंसिल के सदस्य हैं।

श्री टी.रबी शंकर ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से अर्थशास्त्र में मास्टर ऑफ फिलॉसफी की है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/150